# कहना नहीं आता

पवन करण

श्री पवन करण हिंदी के युवापीढ़ी के प्रतिनिधि कवि हैं। इनकी कविता जीवन की पाठशाला से निकली है। 'कहना नहीं आता' भारत के विविधता भरी समाज के एक बड़े भाग का प्रतिनिधित्व करता है, जो शोषित और उपेक्षित है।

## अनुवर्ती कार्य

**(1) 'तुम्हें कहना नहीं आता'–'तुम्हें' किन-किनका प्रतिनिधित्व करता है?**

भारत के विविधता भरे समाज के एक बड़े भाग, जो शोषित और उपेक्षित है, का प्रतिनिधित्व करता है।

**(2) 'पहला कहना सीखो**
**फिर अपनी बात कहना'**
**ऐसा कौन कह रहा है?**

समाज के शक्तिशाली वर्ग या शासक लोग कह रहा है।

**(3) 'मैं उनमें से एक हुँ'**
**'मैं' किन-किन का प्रतिनिधि है?**

समाज के शोषित और उपेक्षित वर्ग का प्रतिनिधि है, जिसके पास कहने केलिए बहुत सारे है, कहने की कोशिश भी है, लेकिन समाज का शक्तिशाली वर्ग उसको कहने का अवसर नहीं देता है।

**(4) कविता की आस्वादन टिप्पणी लिखें।**

युवा पीढ़ी के प्रतिनिधि कवि श्री पवन करण की प्रसिद्ध कविता है 'कहना नहीं आता'। पवन करण की कविता जीवन की पाठशाला से निकली है। 'कहना नहीं आता' में कवि ने वर्तमान भारतीय समाज के हाशियों पर जो शोषित और उपेक्षित लोग है, उनका प्रतिनिधित्व करता है।

समाज के 80 प्रतित लोग हाशिए पर है। उनको अपने जीवन की बुनियादी ज़रूरतों भी नहीं है। वे लोग पिंजडे में बंद चिड़िया जैसे जीवन बिताते हैं। उनका लोक अपने आस-पास की सुविधाएँ तक सीमित है।

कवि बताते हैं कि हाशिए पर रखे लोगों के पास कहने केलिए ज़्यादा है। उन्हें कहने की इच्छा भी है। लेकिन समाज की शक्तिशाली वर्ग या शोषक वर्ग उनका जिह्वा बंद किया है। उन्हें कहने का अवसर नहीं देता।

इस प्रकार के लोगों से कवि कहते हैं कि पहला कहना सीखकर आओ। कवि आगे कहते है कि मैं भी उनमें से एक हुँ। इससे यह व्यक्त होता है कि इस प्रकार के लोगों के साथ हमेशा केलिए कवि भी होगा। अन्याय के विरुद्ध लड़ना हमारा कर्तव्य है। सही अर्थ में यह कविता भारतीय समाज का प्रतिनिधित्व करता है। उसकी उपेक्षा और तिरस्कार के विरुद्ध समाज को जागृत करता है। पवन करण की यह कविता आम जनता की जीवन की सार्थक व्याख्या है।

**परीक्षा केंद्रित कुछ और प्रश्न। इनके उत्तर स्वयं लिखने का प्रयास करें**:-

(1) मान लें, आपको 'कहना नहीं आता' कविता पढ़कर भारत के हाशिए पर रहनेवाले अस्सी प्रतित लोगों के प्रति सहानुभूति आती हैं। अपने सहानुभूति आप डायरी के पन्ने के सहारे प्रकट करना चाहते हैं। डायरी का वह पन्ना तैयार करें।